**राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत जिला अधिकारी कीअध्यक्षता में आयोजित जनपदीय क्वालिटी एश्योरेन्स समिति की बैठक दिनांक 29.09.2016 की कार्यवृत्तिः–**

**बैठक में उपस्थिति –**

1. मुख्य चिकित्साधिकारी,मीरजापुर।
2. अपर मुख्य चिकित्साधिकारी,(आर0सी0एस0)मीरजापुर।
3. मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला मण्डलीय चिकित्सालय,मीरजापुर।
4. मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला महिला चिकित्सालय,मीरजापुर।
5. अधीक्षक सामु0 स्वास्थ्य केन्द्र चुनार,मीरजापुर।
6. प्रभारी चिकित्सधिकारी प्रा0स्वा0केन्द्र चुनार,मीरजापुर।
7. डा0 श्रद्धा मौर्या स्त्री रोग विशेषज्ञ जिला महिला चिकित्सालय मीरजापुर।
8. डा0 नीलेश श्रीवास्त एनेस्थेटिस्ट जिला महिला चिकित्सालय मीरजापुर।
9. डा0 आर0 के0 सिह बाल रोग विशेषज्ञ जिला मण्डलीय चिकित्सालय,मीरजापुर।
10. डा0 प्रदीप कुमार फिजिशियन जिला मण्डलीय चिकित्सालय,मीरजापुर।
11. डा0 अर्चाना कसेरा ओमकार क्लिनिक डंकीनगंज,मीरजापुर।
12. श्री आशुतोष अग्रवाल (डी0जी0सी0, क्रिमिनल) कार्यालय जिला न्यायाधीश मीरजापुर।
13. श्रीमती पानमती मेट्रेन DH जिला मण्डलीय चिकित्सालय,मीरजापुर।

**कार्यावाही '–**

मुख्य चिकित्साधिाकारी द्वारा जिलाधिकारी महोदया की अनुमति से प्रारम्भ करतें हुए समस्त प्रतिभागियों का स्वागत किया गया। तदोपरान्त जनपदीय क्वालिटी कन्सलटेंट द्वारा निम्मनानुसार बैठक हेतु प्रस्तुती करण किया गया। बैठक में निम्नलिखित बिन्दुओं पर चर्चा एवं समीक्षा करते निर्णय लिये गये।

**1– पूर्व में गठित क्वालिटी एश्योरेन्स कमेटी के सदस्यों का कार्य एवं दायित्वों पर चर्चाः–**

पूर्व में गठित की गयी क्वालिटी एश्योंरेन्स कमेटी के सदस्यो का पुनर्गठन निम्नवत प्रतावित किया गया है–

| क्रमांक | नाम/पद नाम | |
|---|---|---|
| 1 | जिलाधिकारी, मीरजापुर। | अध्यक्ष |
| 2 | मुख्य चिकित्साधिकारी, मीरजापुर। | संयोजक |
| 3 | डॉ0 आर0 एस0 राम, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी (आर0सी0एच0) | सदस्य/सचिव |
| 4 | मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, जिला चिकित्सालय, मीरजापुर। | सदस्य |
| 5 | मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, जिला महिला चिकित्सालय, मीरजापुर। | सदस्य |
| 6 | अधीक्षक/प्रभारी चिकित्साधिकारी, सामु0/प्राथ0 स्वा0 केन्द्र, मरीजापुर। (बारी से) | सदस्य |
| 7 | डॉ0 श्रद्धा मौर्या, स्त्री रोग विशेषज्ञ, जिला महिला चिकित्सालय, मीरजापुर। | सदस्य |
| 8 | डॉ संजय पाण्डेय, शल्य चिकित्सक, जिला महिला चिकित्सालय, मीरजापुर। | सदस्य |
| 9 | डॉ निलेश श्रीवास्तव, एनेस्थेटिस्ट, जिला महिला चिकित्सालय, मीरजापुर। | सदस्य |
| 10 | डॉ0 आर0 के0 सिंह, बाल रोग विशेषज्ञ, जिला चिकित्सालय, मीरजापुर। | सदस्य |
| 11 | डॉ0 प्रदीप. फिजिसियन, जिला चिकित्सालय, मीरजापुर। | सदस्य |
| 12 | श्रीमती पान कुमारी, जिला चिकित्सालय, मीरजापुर। | सदस्य |
| 13 | जनपद स्तर के विधिक सेल के प्रतिनिधि श्री आशुतोष अग्रवाल, कार्यालय जिला न्यायाधीश, मीरजापुर। | सदस्य |
| 14 | डॉ0 अर्चना कटेरा, ओमकार क्लीनिक,जगत साहू की गली, डंकीनगंज, मीरजापुर। | सदस्य |

इसके कार्य एवं दायित्वो के सम्बन्ध में जनपदीय क्वालिटी कन्सलटेन्ट द्वारा निम्न बिन्दुओं से अवगत कराया गया–

- ➢ जनपद स्तर क्वालिटी एश्योरेन्स सम्बन्धी नीतियों एवं चिकित्सालय के अधीक्षक, क्वालिटी टीम एवं जनपद स्तरीय क्वालिटी एश्योरेन्स यूनिट के सदस्यों का कार्यक्रम सम्बन्धी अभिमुखीकरण तथा प्रशिक्षण प्रदान किया जाना।
- ➢ जनपद स्तर पर लक्ष्य चिकित्सा स्वास्थ्य इकाईयों को निर्धारित गुणवत्ता के अनुरूप सुदृढ़ करना।
- ➢ निर्धरित चेकलिस्ट की अनुसार असेसमेन्ट, गैप्स चिन्हित करना तथा गैप सम्बन्धी कएार्यवाही सुनिश्चित करना।
- ➢ विभिन्न कार्यक्रमों के अन्तर्गत क्वालिटी सम्बन्धी क्वालिटी सम्बन्धी महत्वपूर्ण परफॉरमेन्स संकेतको ( के0पी0आई0) की समीक्षा।

**2– कायाकल्प अवार्ड योजना का प्रस्तुतीकरण एंव समीक्षाः–**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत **'स्वच्छ भारत अभियान'** की दिशा में कायाकल्प अवार्ड योजना जिसके अर्न्तगत चिकित्सालयों की स्वच्छता पर विशेष ध्यान केन्द्रित करने की अपेक्षा की गयी ।

- ➢ कायाकल्प के अवार्ड अधारित मानक जिनकी चिकित्सालयों के 6 थिमैटिक एरिया के आधार पर मूल्याकंन कराया जाना है उनमें अपेक्षित सुधार के निर्णय लिये गये।
- ➢ कायाकल्प के अवार्ड योजना के अर्न्तगत थ्रि–टायर असेसमेन्ट मूल्यांकनः–यदि अस्पताल इसमे 70 प्रतिशत से अधिक स्कोर करता है तो उसका पीयर असेसमेन्ट और जो अस्पताल उसमें 70 प्रतिशत स्कोर करते है उन्हे बाहृय मूल्यांकन मे नामित कर अवार्ड के लिए प्रत्योसाहित किया जायेगा।

**3– जिला चिकित्सालयों का कायाकल्प चेकलिस्ट के आधार पर मूल्यांकनः–**

चिकित्सालय के छः थिमैटिक एरिया का इन्टरनल असेसमेन्ट प्रस्तुत किया गया एवं प्रमुख गैप दूर करने के निर्णय लिये गये–

- ➢ इसमें जिलाधिकारी महोदया ने निर्देशित किया कि जिला मण्डलीय चिकित्सालय, जिला महिला चिकित्सालय, एफ0आर0यू0/नॉन एफ0आर0यू0, सी0एच0सी0, 24×7 पी0एच0सी के अधीक्षक/प्रभारीयों द्वारा फैसिलिटी क्वालिटी इम्प्रुवमेंट चेक लिस्ट का उपयोग करते हुये सैल्फ असेसमेन्ट किया जाय एवं चिन्हित गैप्स दुर किये जाये।
- ➢ चिकित्सालय रख–रखाव के क्षेत्र में महिला चिकित्सालय में प्रमुख गैप जैसे कैटल ट्रेप लगवाने,अस्पताल के मुख्य द्वार पे ग्लोशाइन बोर्ड के प्रकाश रहित होना, मुख्य क्षेत्र का लैण्डस्केपिंग एव गार्डनिंग, अस्पताल में पब्लिक ट्रेकिक का अतिक्रमण इत्यादि विषयों में गैप्स दूर करने को निर्देशित किया गया।
- ➢ अस्पताल एवं मरीजों से संम्बधित व्यक्तिगत सफाई एवं स्वच्छता के क्षेत्र में चिकित्सालय के विभिन्न डिपार्टमेंस के फर्नीचर, मरीजों के उपयोग में आने वाली वस्तुओं का आवश्यकता अनुसार प्रतिस्थापन किये जाने का निर्देश दिया गया।

- ➢ चिकित्सालय में एवं परिसर में पैदा होने वाले वायोमेडिकल अवशेष के निस्तारण की दिशा में कर्मचारियों के सामयिक प्रशिक्षण एवं सालिड लिक्विड अवशेषों का बी0एम0डब्लू0 2016 नियमों के आधार पर उनका निस्तारण किया जाना सुनिश्चित हो।

- ➢ अस्पताल के बाहर एवं अस्पताल परिसर में होने वाले संक्रमण की रोकथाम के विषय में मरीजों को विभिन्न आई0ई0सी0 एवं अन्य साधनों के माध्यम से चिकित्सालय स्तर से सूचना दी जाये एवं कर्मचारी नर्सो के सामयिक प्रशिक्षण की व्यवस्था की जायें।

- ➢ जिलाधिकारी महोदया, द्वारा चिकित्सालय के सपोर्ट सर्विसेज में अपेक्षित परिवर्तन कर के एवं मरीजों से उनका फीड बैक लेने के क्रम मे उचित कदम अठाया जाना एवं अस्पताल परिसर के विभिन्न क्षेत्र मे सिक्युरीटी गार्ड्स की व्यवस्था स्थापित कराने के निर्देश दिये गये।

1. जिलाधिकारी महोदया, द्वारा अपेक्षित किया गया कि जिला चिकित्सालय मीरजापुर में रेडियोलॉजिस्ट एवं अन्य सुविधाएं नही है जिसके लिए चेक लिस्ट में दिये गये इंडिकेटर में रियायत की जानी चाहिए।

2. स्वास्थ्य ईकाईयों की समितियों के सुचारू रूप से कार्य करने हेतु एव कार्यो के समन्वय हेतु एम0बी0ए0 डिग्री धारकों की नियुक्ति पर चर्चा हुई एवं जिलाधिकारी महोदया को अवगत कराया गया कि क्वालिटी एश्योरेंन्स से संबधित हासपिटल मैनेजर का पद रिक्त है एवं इसे शीघ्र ही भरने की अपेक्षा है।

3. जिलाधिकारी महोदया, द्वारा निर्देशित किया गया कि चिकित्सालय के आंतरिक निरीक्षण के दौरान आई कमियों के निराकरण हेतु विशेष केन्द्रीकरण की आवश्यकता ळें

4. उपरोक्त बिन्दुओं की चर्चा पर अवलोकन करते हुये जिलाधिकारी महोदया, द्वारा निर्देशत किया गया कि सम्बन्धित सी0एम0एस0/एस0आई0सी0 गैप्स दुर करने हेतु उपलब्ध बजट का अवलोकन करे एवं सम्बन्धित विषय पर बजट के आधार पर प्रत्येक माह के गैप्स क्लोजर की कार्ययोजना बनाकर 10 दिन की अवधि में प्रस्तुत करें एवं उसका क्रियान्वयन सुनिश्चित करें।

उपलब्ध/निर्धारित चेक लिस्ट के आधार पर निरीक्षण करें एवं गैप्स क्लोजर की रिर्पोट कमेटी की बैठक में प्रस्तुत करें जिससे सुधारात्मक कार्यवाही की सके।

**4– क्वालिटी एश्योरेन्स सेल के भ्रमण के सम्बन्ध में–**

समिति की बैठक में जैसा कि इसका उद्देश्य भी है कि क्यू0ए0सेल के सदस्यों (मुख्य चिकित्साधिकारी, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, जिला कार्यक्रम प्रबन्धक) के द्वारा चिन्हित चिकित्सा इकाईयों एवं वहा होने वाली सम्बन्धित प्रमुख गतिविधियों का उपलब्ध/निर्धारित चेक लिस्ट के आधार पर निरीक्षण करें एवं गैप्स क्लोजर की रिर्पोट कमेटी की बैठक में प्रस्तुत करें जिससे सुधारात्मक कार्यवाही की सके।

जपनद क्वालिटी एश्योरेन्स समिति की बैठक में जिलाधिकारी महोदया द्वारा संतोष व्यक्त करतें हुए समस्त अधिक्षक एवं अधिकारियों को निर्देशित किया गया की यह राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन का नविन कार्यक्रम है। इसमें सभी लोग अपने स्तर एवं दायित्वों का निर्वाह करतें हुए इसे पुरे मयो योग से सफल बनायें।

बैठक के अन्त में मुख्य चिकित्साधिकारी बैठक में दिये गये निर्देशों का पालन करने हेतु निर्देश दिया गया तथा समस्त प्रतिभागियों को धन्यावाद देतें हुए बैठक के समाप्ति की घोषणा कि गयी।

**मुख्य चिकित्साधिकारी/**
**मीरजापुर**

**जिलाधिकारी/**
**मीरजापुर**

कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मीरजापुर।

पत्रांकः मु0चि0अ0/डी0पी0एम0/डी0एच0एस0/2016–17/3288-8 दिनांकः 25/10/2016

प्रतिलिपः– निम्न को सूचनार्थ एवं आवष्यक कार्यवाही हुत प्रेषित।

1. मिशन निदेषक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिषन लखनउ,उ0प्र0।
2. महा प्रबन्धक क्वालिटी एश्योरेन्स, एन0एच0एम0, लखनऊ, उ0प्र0।
3. जिलाधिकारी/अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति मीरजापुर।
4. अपर निदेषक, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, विन्ध्याचल मण्डल, मीरजापुर।
5. मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला मण्डलीय चिकित्सालय,मीरजापुर।
6. मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला महिला चिकित्सालय,मीरजापुर।
7. अधीक्षक सामु0 स्वास्थ्य केन्द्र चुनार,मीरजापुर।
8. प्रभारी चिकित्सधिकारी प्रा0स्वा0केन्द्र चुनार,मीरजापुर।

**मुख्य चिकित्साधिकारी,**
**मीरजापुर।**